आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 25.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होगा। सरकार ने कहा– सत्र के दौरान वो किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र के दौरान सांसदों से संसद में शिष्टाचार के उच्चतम मानदंड स्थापित करने की अपील।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंडी प्रवासियों से राज्य के विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया।
- देहरादून में विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के काम ने पकड़ी रफ्तार, राजधानी में 930 किलोमीटर की विभिन्न विद्युत लाइनों को किया जा रहा है भूमिगत।
- बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत मजबूत स्थिति में।

संसद शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार संसद के सत्र के दौरान किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। नई दिल्ली में सरकार द्वारा कल बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद श्री रिजिजू ने विपक्षी दलों से सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में सुचारू कामकाज के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।

सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। हालांकि, संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संसद की बैठक नहीं होगी।

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से संसद की मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया। आकाशवाणी समाचार को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने सांसदों से संसद में मर्यादा के उच्चतम मानक स्थापित करने की अपील की।

आग्रह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी उत्तराखंडी प्रवासियों से राज्य के विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में उत्तराखंड प्रवासी परिषद का गठन करने का निर्णय लिया गया है। इसकी सहायता से प्रवासी उत्तराखंड वासी भी राज्य के विकास में सहयोग दे सकेंगे। मुख्यमंत्री नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तराखण्ड दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लोग कहीं भी चले जाएं, वे अपनी संस्कृति, लोक परंपरा, खानपान और अपनत्व की भावना को हमेशा जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय मेला राज्य की संस्कृति, हस्तशिल्प और समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर लाने का मौका देता है। मेले में लगे विभिन्न स्टालों में राज्य के बेहतरीन उत्पादों को लाया गया है।

उत्तरकाशी जिला योजना प्राथमिकता

उत्तरकाशी की जिला योजना में इस बार ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को सुधारने के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढीकरण तथा नगरीय क्षेत्रों की पेयजल समस्या के समाधान को प्राथमिकता दी गई है। इस बार की जिला योजना में संतुलित और टिकाऊ विकास के लिए बड़े विकास कार्यो को प्रमुखता देते हुए दीर्घकालीन महत्व की योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके लिए विभिन्न विभागों की लगभग 300 कार्ययोजनाओं को जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने अंतिम रूप से अनुमोदित कर दिया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिला योजना में आम लोगों की प्रबल आकांक्षाओं और संतुलित तथा समग्र विकास की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जिला योजना के तहत अनुमोदित कार्ययोजनाओं को तत्परता से धरातल पर उतारने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुउ स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए है।

गौरतलब है कि जुलाई माह में जिला योजना समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए कुल 76 करोड़ 57 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया था। यह परिव्यय पिछले वर्ष की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक है।

मरम्मत कार्य/यातायात डायवर्ट

पौड़ी गढ़वाल जिले में कोटद्वार–नजीबाबाद के बीच सुखरो नदी पर बने पुल का इन दिनों मरम्मत कार्य चल रहा है। इस कारण से यह पुल आज से एक सप्ताह तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। पुल से गुरजने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट किया जा रहा है। सुखरो पुल पर इन दिनों स्पेक्शन ज्वाइंट और बियरिंग रिप्लेसमेंट का कार्य चल रहा है। इस कारण पुल पर होने वाले वाहनों के आवागमन को कोड़िया चेक पोस्ट के निकट से डायवर्ट करके तेलीपाड़ा होते समीपुर की ओर भेजा जाएगा।

भूमिगत विद्युत लाईन

देहरादून शहर में विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। यूपीसीएल द्वारा ए०डी०बी० परियोजना के तहत देहरादून शहर के मुख्य मार्गों की उपरिगामी विद्युत लाईनों को भूमिगत करने का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।

वर्तमान में योजना के तहत राजधानी में 33 किलोवाट की लगभग 92 किलोमीटर, 11 किलोवाट की 230 किलोमीटर और लो टेंशन की 608 किलोमीटर लाइनों को भूमिगत किया जा रहा है। इसके लिए शहर को तीन लॉट में बांटा गया है और वर्तमान में सभी लॉट के सर्वे का काम पूरा होने के बाद विद्युत लाईनों को भूमिगत करने का काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।
गौरतलब है कि भूमिगत लाईन बिछाने से बिजली आपूर्ति पर आंधी और तेज़ बारिश का प्रभाव कम होता है, जिससे आउटेज कम होते हैं और रखरखाव की लागत कम होती है। भूमिगत केबल्स को बेहतर इन्सुलेशन और कम प्रतिरोध के साथ डिज़ाइन किया जा सकता है जिससे ओवरहेड लाइनों की तुलना में ऊर्जा हानियों को कम किया जा सकता है। साथ ही भूमिगत केबल्स के साथ बिजली के खतरों जैसे इलेक्ट्रोक्यूशन और गिरी हुई पावर लाइनों से होने वाली आग का जोखिम भी काफी कम हो जाता है।

क्रिकेट

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत मजबूत स्थिति में है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर कल आस्ट्रेलिया के बारह रन के स्कोर पर तीन खिलाड़ी आउट हो चुके हैं। आस्ट्रेलिया अभी भी भारत से पांच सौ बाईस रनों से पीछे है। इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 487 रन पर पारी घोषित कर दी। यशस्वी जयसवाल ने 161 रन की शानदार पारी खेली। विराट कोहली सौ रन पर नाबाद रहे।

लाइसेंस निलंबित

हरिद्वार जिले के मुस्तफाबाद पदार्था गुज्जर बस्ती क्षेत्र में फर्जी राशन कार्ड और मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन बांटने वाले एक राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। विभिन्न स्तरों से शिकायत मिलने के बाद राशन डीलर के खिलाफ जांच की गई थी। जिला पूर्ति अधिकारी तेज बल सिंह ने जांच में दोषी मिलने पर राशन की दुकान निलंबित करने की सिफारिश की थी।

परीक्षा कार्यक्रम

कुमाऊं विश्वविद्यालय ने स्नातक–स्नातकोत्तर और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टरों की मुख्य, बैक और एक्स छात्रों की परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दिया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि उच्च न्यायालय के छात्र संघ चुनाव के संबंध में दिये जाने वाले निर्णयों और उत्तराखंड शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के सापेक्ष 29 नवंबर से शुरू होने वाली परीक्षाओं के कार्यक्रम में संशोधन किया जा सकता है।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग हिन्दी और अंग्रेजी में फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में, आज रात साढ़े नौ बजे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव ध्रुबज्योति सेनगुप्ता, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ आर० विश्वेश्वरन और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सीजीएम तथा चीफ सेल्स मार्केटिंग ऑफिसर गुरशरण राय बंसल के साथ इसमें भाग लेंगे। श्रोता हमारे विशेषज्ञों से टेलीफोन नंबर 011 – 23421050 पर प्रश्न पूछ सकते हैं।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर

आई०पी०एल निलामी की ख़बर को आज सभी समाचार पत्रों ने अपने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। दैनिक जागरण लिखता है– पंत पर धनवर्षा, रिकार्ड 27 करोड़ रुपए में बिके। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– आईपीएल इतिहास के सबसे मंहगे खिलाड़ी बने ऋषभ पंत, श्रेयस अरूयर दूसरे सबसे मंहगे खिलाड़ी।

संसद के शीतकालीन सत्र को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– संसद का शीतकालीन सत्र आज से, अदाणी, मणिपुर मुद्दे पर हंगामा तय। सत्र के दौरान वक्फ संसोधन, एक राष्ट्र–एक चुनाव सहित 16 विधेयक सरकार करेगी पेश।

हिंदुस्तान समाचार ने एक समाचार को पहले पृष्ठ में विशेष स्थान देते हुए लिखा है– गंगा मैली हुई तो इंजीनियरों का वेतन रूकेगा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एसटीपी से निकलने वाले पानी को प्रदूषित बताया तो की गई सख्ती।

संकटग्रस्त जलस्रोतों की एक ख़बर को विशेष प्राथमिकता देते हुए अमर उजाला का शीर्षक है– चिंताजनकः प्रदेश में 206 सदानीरा नदियां और गदेरे सूखने के कगार पर पहुंचे, पांच हजार 428 जलस्रोतों पर भी मंडरा रहा है गहरा संकट, प्रकृति से छेड़छाड और जलवायु परिवर्तन बताई जा रही है वजह।

स्थानीय चुनाव की ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– आगे खिसक सकते हैं स्थानीय चुनाव, जैसी परिस्थितियां हैं, उसमें 25 दिसंबर तक चुनाव के नही लग रहे आसार, नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण का अभी तक नहीं हो पाया है निर्धारण।

मन की बात कार्यक्रम में गौरया संरक्षण के प्रधानमंत्री के आह्वान पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– हमें गौरेया को वापस लाना ही होगा, पीएम ने कहा– हर भाषा, संस्कृति में गौरेया को लेकर किस्से कहानी सुनाए जाते हैं।